प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in
संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

30 मई 2025

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – मई 2025

मई 2025 महीने के दौरान प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) के ऋण और जमा दर संबंधी आंकड़े सारणी 1 से 7 में प्रस्तुत किए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अप्रैल 2025 में 9.26 प्रतिशत रही (मार्च 2025 में 9.35 प्रतिशत)।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर मार्च 2025 में 9.77 प्रतिशत से घटकर अप्रैल 2025 में 9.70 प्रतिशत हो गया।[1]
- एससीबी की एक वर्षीय निधि की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) की माध्यिका अप्रैल 2025 में 9.00 प्रतिशत से कम होकर मई 2025 में 8.95 प्रतिशत हो गई।

जमा दरें:

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अप्रैल 2025 में 6.30 प्रतिशत रही, जो मार्च 2025 में 6.65 प्रतिशत थी।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अप्रैल 2025 में 7.01 प्रतिशत थी (मार्च 2025 में 7.03 प्रतिशत)।[1]

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/445

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।